वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 26 | मंगलवार 21 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर


# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर


# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आईसीजेएस की राज्य स्तरीय समिति की बैठक

## आईसीजेएस सिस्टम की स्मार्ट पुलिसिंग को मजबूत करने में अहम भूमिका, इसकी शीघ्र सफल क्रियान्विति की जाए: मुख्य सचिव

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम 2.0 के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आईसीजेएस 2.0 हेतु तैयार कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। अनुमोदित प्रस्ताव को भारत सरकार को भेजा जायेगा। पंत ने कहा कि यह गर्व का विषय है की इस वर्ष राजस्थान में ई-अभियोजन, ई-जेल एवं क्राइम और क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम में अन्य राज्यों की तुलना मे बेहतर कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्मार्ट पुलिसिंग को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी इसलिए इसकी शीघ्र सफल क्रियान्विति सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि ह्ववन डेटा, वन एंट्रीह्व के सिद्धांत पर बनाये जा रहे आईसीजेएस 2.0 का मुख्य उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली के पांच स्तंभों पुलिस, ई-अभियोजन, ई-जेल, ई-न्यायालय, ई-फोरेंसिक को एकीकृत कर डेटा का निर्बाध आदान-प्रदान करना है। एनसीआरबी को इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है जो एनआईसी के सहयोग से कार्य करेगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, शासन सचिव, वित्त (व्यय) विभाग नरेश कुमार ठकराल, शासन सचिव सूचना एवं प्रौद्योगिकी सुआरती डोगरा, पुलिस एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे तथा निदेशक एनआईसी शशिकांत, रजिस्ट्रार राजस्थान उच्च न्यायालय बालकृष्ण विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

### कार्मिक विभाग की समीक्षा बैठक

# लंबित तथा प्रक्रियाधीन भर्तियों को शीघ्र पूरा करें: मुख्य सचिव



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव हेमंत कुमार गेरा के साथ विभिन्न विभागों में लंबित तथा प्रक्रियाधीन भर्तियों को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव सोमवार को शासन सचिवालय में कार्मिक विभाग की बैठक ले रहे थे इस दौरान उन्होंने विभागवार लंबित, प्रक्रियाधीन और न्यायालय में वाद लंबित भर्तियों की स्थिति जानी और निर्देश दिए कि राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड साथ ही स्वायत शासन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के साथ विभिन्न विभागों में लंबित भर्तियों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। पंत ने आरपीएससी और आरएसएमएसएसबी को और अधिक सशक्त करने के भी निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में भर्तियों की समस्या को लेकर पंत ने विभाग को हिदायत देते हुए कहा कि जल्द कारगर कार्यवाई करें और लंबित भर्ती प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण करें। इसी प्रकार शिक्षा विभाग में लंबित वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता और शारीरिक शिक्षक भर्तियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव राम निवास मेहता, शिक्षा विभाग के सचिव कृष्ण कुणाल, गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# 30वर्ष में थूवोनजी का कायाकल्प हो गया, पूरी तरह बदल गया: एसपी विनीत कुमार

## जगत कल्याण के लिए हुई महाशांतिधारा, हिन्दुस्तान के मानचित्र पर दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी की पहचान के लिए है संघर्ष: विजय धुर्रा

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

तीस साल पहले मां बाबूजी के साथ दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी देखा था यहां आकर तो हम पहचान ही नहीं पा रहे क्या ये वही थूवोनजी है इसको बदलने के लिए तो आप लोगों ने बहुत मेहनत की होगी जिसने पहले इस तीर्थ की वंदना की होगी वहीं तीर्थ के विकास का सही मूल्यांकन कर सकता है बाबूजी के साथ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के दर्शन करने के दौरान ही इस तीर्थ को देखा था ।आज यहां आकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। कमेटी में काम करना बहुत मुश्किल रहता है लेकिन यहां का काम दिख रहा है ,अखबारो से भी आप लोगों के कार्य को देखते रहते हैं उक्त आश्य केउद्गार पहली बार परिवार के साथ पहुंचे अशोक नगर जिले के पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन ने जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा करने के उपरांत अपने उद्गार व्यक्त किए।



### हम अपनी ओर से सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ रहे

इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल एवं महामंत्री विपिन सिंघई के नेतृत्व में आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के पास कुंडलपुर गई थी और महामंत्री विपिन सिंघई ने मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के दर्शन और चातुर्मास का निवेदन कमेटी की ओर से रखा था अध्यक्ष जी के नेतृत्व में हम सब थूवोनजी चातुर्मास के लिए कटिबंध है दो माह अभी है हमारा प्रयास रहेगा कि इस वर्ष चातुर्मास का सौभाग्य हमारे दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी को मिले जिससे पूरा अंचल लाभांवित होंगा साथ ही तीर्थ के विकास की नई इबारत लिखी जायेगी इस दौरान एस पी सहाब को खड़े बाबा की तस्वीर भेंट करते हुए अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल ने कहा कि हम सब को बड़े बाबा की सेवा करने का सौभाग्य मिला है हम अपनी ओर से सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ रहे फिर सभी की भावनाएं भी तो काम करेंगी।

### आस-पास की सभी समाजों को मिलेगा लाभ

इस दौरान कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि इस वर्ष हमारे पास ही कुंडलपुर में संतो का महा समागम हुआ था और पूरी कमेटी अशोक नगर समाज अध्यक्ष राकेश कासंल जी को अपने साथ लेकर गुरु चरणों में ग थी उम्मीद है इस वर्ष का चातुर्मास हमें मिलेगा तो आस पास की सभी समाजों के साथ ही आम जनता को भी धर्म लाभ मिलेगा

### जगत कल्याण की कामना के लिए की महा शान्ति धारा

इस दौरान थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी का अभिषेक किया गया इसके बाद जगत कल्याण की कामना के लिए दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के सिरोपरी महाशान्ति धारा करने का सौभाग्य जिला पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन (एस पी सहाब) उत्कर्ष, हर्षित, श्रीमति शालिनी, नंदलाल, श्रीमति विमलादेवी, टीकमगढ़ परिवार के साथ ही आशीष कुमार अरिंजय कुमार रितेश कुमारभोपाल दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल राजेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार टिंगू मिल मनीषकुमार रितेश कुमार राहुलकुमार मोदी मुंगाबली निर्मल कुमार विपिन कुमार सिघई देवेंद्र कुमार विजय पवन कुमार धुर्रा परिवार अशोक नगर राजेश वासल प्रदुम्न अटारी मनोज जैन मोनू जैन सीमेंट नरेश एडवोकेट निर्मल मिर्ची कोषाध्यक्ष गोशाला कमेटी महावीर जैन सहित अन्य भक्तों को मिला।

# जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों द्वारा श्री चंद्रवीर दिगंबर जैन मंदिर में पहली बार शांतिधारा, एवं अष्टद्रव्यों से की गई पूजा-अर्चना

**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे में विराजमान बालाचार्य निर्पूण नंदी जी महाराज स संघ के पावन सानिध्य में जी श्री चंद्रवीर दिगंबर जैन मंदिर में जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों के द्वारा प्रथम बार धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में जैन धर्म रक्षक पाठशाला के बच्चों द्वारा प्रातः अभिषेक, शांतिधारा , अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना के बाद भक्ति भाव से समुच्य पूजन किया गया, कार्यक्रम में क्षुल्लक निर्मल सागर जी महाराज ने श्रीजी का अभिषेक ,पूजन, कैसे किया जाना चाहिए मंदिर में दर्शन के लिए किन शब्दों का उच्चारण करना चाहिए यह समझाया,हमें प्रभु की पूजन करके उनके गुणगान कर उन जैसा बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि मंदिर की में हमें कभी भी घरेलू बातें नहीं कर सिर्फ भगवान की ओर दृष्टि रखनी चाहिए। कार्यक्रम में चंद्रवीर मंदिर समिति के तत्वावधान में मंदिर समिति के संरक्षक चम्पालाल जैन, ओमप्रकाश बजाज, अध्यक्ष सत्येन्द्र झंडा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, सुरेश गंगवाल, अशोक कुमार नला,बाबूलाल पहाड़िया, तथा सुनिल गंगवाल ने सभी बच्चों का एवं पाठशाला संचालिका राज श्री कागला,रेखा झंडा, आभा मांदी, शिप्रा कासलीवाल, प्रीति कलवाडा, सुशीला झंडा तथा निखिल जैन लावा सहित सभी पदाधिकारियों का सम्मान किया तथा मंदिर समिति की ओर से सभी को अल्पाहार कराया गया। **रिपोर्ट : राजाबाबू गोधा जैन महासभा मीडिया प्रवक्ता राजस्थान**







# धार्मिक शिक्षण शिविर में बच्चों ने ली जैन धर्म की शिक्षा

## पूजा प्रशिक्षण का ज्ञान तथा पुरस्कार प्राप्त किये

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के अन्तर्गत संचालित संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से शहर के 46 दिगम्बर जैन मंदिरो में 15 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर चल रहे हैं। इसी के अन्तर्गत निर्माण नगर की पदमावती कालोनी स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में बच्चों ने शिविर में भाग लेते हुए धार्मिक ज्ञान प्राप्त किया। पं. राहुल जैन शास्त्री के नेतृत्व में गत एक वर्ष से संचालित विद्या सुधा संस्कार पाठशाला में रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा शामिल हुए। इस मौके पर मंदिर कमेटी एवं महिला मण्डल की ओर से दोनों अतिथियों का तिलक, माल्यार्पण, दुपट्टा व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। प्रदीप जैन एवं विनोद जैन कोटखावदा ने अपने उदबोधन में राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए पिछले एक साल से धार्मिक पाठशाला संचालित कर बच्चों में संस्कार देने के लिए पूरी कमेटी एवं आयोजको को साधुवाद एवं बधाई दी। इस मौके पर मांगीलाल जैन, प्रकाश सेठी, मनीष बगड़ा, विमला ठोलिया, निधि बडजात्या, प्रमिला जैन, संतोष जैन, मंजू जैन तिजारा, संतोष बगड़ा सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजन शामिल हुए। श्रीमती विमला ठोलिया ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण लगभग 3 वर्ष पूर्व किया गया था। पिछले एक वर्ष से विद्या सुधा संस्कार पाठशाला में बच्चों व महिलाओं को धार्मिक कक्षाओं के माध्यम से जैन धर्म की शिक्षा एवं ज्ञान दिया जा रहा है। मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय विशेष शिविर में जैन धर्म शिक्षा भाग 1 एवं भाग 2के शिक्षण के साथ पूजन प्रशिक्षण, छह ढाला, तत्वार्थ सूत्र इत्यादि का शिक्षण कराया जा रहा है। शिविर में 5 वर्ष से 80 वर्ष तक के बालक बालिकाएं तथा महिलाऐं बडी संख्या में शिक्षण ले रही है।





## वेद ज्ञान

### किसी का सहारा बनें...

सहारा मनुष्य को अकर्मण्य, आलसी और अहंकारी बना सकता है और सहारा उसे मेहनती, कर्मठ और विनम्र भी बना सकता है। यह व्यक्ति पर निर्भर है कि वह उसे मिले सहारे को किस रूप में देखता और उसका कैसे इस्तेमाल करता है। हमारे द्वारा मिले थोड़ा-सा खाद-पानी के सहारे एक बीज पेड़ बनकर लोगों को खाने के लिए मीठे-रसीले फल देता है, जबकि दूसरा बीज उसी खाद-पानी के सहारे विष भी उत्पन्न कर सकता है। यदि हम यहां नकारात्मक पक्ष की चर्चा ज्यादा न करें तो सहारा मनुष्य के लिए एक उत्प्रेरक का काम करता है। यहां एक निराश युवक से जुड़ा प्रकरण उल्लेखनीय है। एक बुजुर्ग उसके पास आए और उससे उसकी चिंता का कारण जानना चाहा। युवक ने बताया कि उसके साथी ने उसके साथ धोखा किया जिसकी वजह से उसे अपने कारोबार में घाटा हुआ और अब दोबारा कारोबार करने के लिए उसके पास पैसे नहीं हैं। यह सुनकर बुजुर्ग व्यक्ति ने चेक बुक निकाली और पांच लाख रुपये का एक चेक काटकर उसके हाथ में रख दिया। यह देखकर युवक चकित रह गया, लेकिन बुजुर्ग ने उसे यह हिदायत दी कि इस पैसे का वह तभी इस्तेमाल करे जब उसे बहुत जरूरी लगे। एक अनजान व्यक्ति से इस तरह का सहारा पाकर युवक काफी खुश हुआ और उसने दोगुने उत्साह के साथ अपना कारोबार फिर से शुरू किया। उसे अपने कारोबार की अच्छी समझ थी और बाजार में भी उसकी अच्छी साख थी। सो वह अपना कारोबार पुनः स्थापित करने में सफल हुआ। तब उसे अनजान बुजुर्ग और उनके दिए चेक की याद आई। वह उस बुजुर्ग को देखने गया, लेकिन इस बार उसे वह बुजुर्ग व्यक्ति कहीं दिखाई नहीं दिए। पास में ही एक अस्पताल था। उसने वहां जाकर बुजुर्ग व्यक्ति के संबंध में जानकारी लेनी चाही तो उसे मालूम चला कि उनका निधन हो गया। वे एक मानसिक रोगी थे और वे सभी को इसी प्रकार चेक दिया करते थे, जबकि उनके बैंक खाते में इतने ज्यादा रुपये भी नहीं थे। किसी ने ठीक ही कहा है कि दरिया बनकर डुबाने के बजाय जरिया बनकर किसी को बचाया जाए। हमारे आसपास बहुत बड़ी संख्या उन लोगों की है जिनमें हर तरह की प्रतिभा और सामर्थ्य है, लेकिन किसी के सहारे के अभाव में वे अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाते।

## संपादकीय

# मालीवाल मारपीट केस पर रहस्य का पर्दा

आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ कथित दुर्व्यवहार और मारपीट का मामला अब भी रहस्य बना हुआ है। आरोप है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री निवास के भीतर स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट की। उन्हें दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मगर अब तक पूरा मामला स्पष्ट नहीं हो पाया है। इसे राजनीतिक रंग दे दिए जाने की वजह से और उलझ गया है। आम आदमी पार्टी इसे भाजपा की साजिश बताने लगी है। खुद अरविंद केजरीवाल ने प्रेस वार्ता करके केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह उनके सारे नेताओं को गिरफ्तार करना चाहती है। बिभव कुमार की गिरफ्तारी के खिलाफ उन्होंने भाजपा दफ्तर पर प्रदर्शन का भी एलान कर दिया। भाजपा भी इस मामले को भुनाने में पीछे नहीं रही। उसके नेता इस मामले पर सार्वजनिक मंचों से बोलते रहे, महिला कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। आम चुनाव का माहौल है, इसलिए भाजपा पूरी तरह इसका लाभ उठा लेना चाहती है। मगर आम आदमी पार्टी का पलटवार इस मामले के रहस्य को और गहरा कर देता है। दरअसल, इस घटना को लेकर खुद स्वाति मालीवाल के दुविधा भरे कदमों ने अनेक प्रश्न अनुत्तरित छोड़ दिए हैं। घटना के तुरंत बाद मालीवाल ने फोन कर पुलिस को सूचना दी, प्राथमिकी दर्ज कराने थाने भी पहुंचीं, मगर प्राथमिकी दर्ज कराए बगैर लौट आईं। फिर तीन दिन तक वे चुप्पी साधे रहीं। घटना के दूसरे दिन आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह ने जरूर प्रेस वार्ता करके मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और उस पर मुख्यमंत्री की तरफ से कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मगर उनकी तरफ से ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जा सका। चार दिन बाद मालीवाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई और उनकी चिकित्सीय जांच की गई। जांच में उनके शरीर पर चोट के निशान चिह्नित किए गए। मगर उसके बाद मुख्यमंत्री निवास के भीतर सुरक्षा कर्मियों से मालीवाल की बातचीत और वहां से उनकेबाहर निकलने की जो तस्वीरें जारी की गईं, उनमें कहीं भी उनके साथ दुर्व्यवहार की निशानदेही नहीं होती। दिल्ली पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, उसने कुछ तथ्य भी जुटाए हैं, उन्हीं के जरिए हकीकत सामने आ सकती है। मगर सवाल है कि आखिर मालीवाल क्यों कई दिन तक चुप्पी साधे रहीं और जो आम आदमी पार्टी महिलाओं की सुरक्षा के दावे करती नहीं थकती, वह मुख्यमंत्री निवास के भीतर हुई इस घटना पर से पर्दा उठाने से क्यों हिचकती रही। किसी भी महिला के साथ अगर इस तरह दुर्व्यवहार किया जाता है, तो उसकी जितनी निंदा की जाए, कम है। चूंकि यह घटना एक राज्यसभा सदस्य के साथ हुई है और मुख्यमंत्री निवास के भीतर उनके निजी सचिव पर मारपीट का आरोप है, इसलिए यह और क्षोभ का विषय है।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# तकनीकी लापरवाही

सड़कों पर वाहनों के परस्पर टकराने से हुए हादसों में किसी न किसी की लापरवाही होती है। अगर किसी हादसे के पीछे वाहन में तकनीकी खराबी सामने आती है, तो आमतौर पर उसे लेकर प्रतिक्रिया का स्तर नरम हो जाता है। हालांकि तकनीकी खराबी की भी एक पृष्ठभूमि होती है। अगर समय-समय पर वाहनों की जांच न की जाए तो वह कभी भी बेहद घातक साबित हो सकती है। हरियाणा के नूंह में शुक्रवार की रात चलती बस में आग लगने की घटना अत्यंत त्रासद है। मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर श्रद्धालुओं से भरी एक पर्यटक बस में आग लग गई। विचित्र है कि आग लगने की भनक चालक को नहीं हुई, बल्कि स्थानीय लोगों की नजर पड़ी और उन्होंने किसी तरह उसे बताया। तब तक आग ज्यादा फैल चुकी थी। नतीजतन, नौ लोगों की जिंदा जल कर मौत हो गई और करीब पच्चीस लोग बुरी तरह झुलस गए। अब पुलिस घटना की जांच करेगी और अन्य औपचारिक कदम उठाए जाएंगे। मगर सवाल है कि जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है और उसमें लोग मारे जाते हैं, उसके बाद ही संबंधित महकमों की नींद क्यों खुलती है। पिछले कुछ वर्षों में लंबी दूरी की बसों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। इन बसों की बनावट, प्रवेश और निकास या आपातकालीन दरवाजे की व्यवस्था इस तरह की होती है कि अगर किसी वजह से ये हादसे की शिकार हो जाएं, तो उनमें से समय पर न निकल पाने के चलते अनेक लोगों की जान चली जाए। जबकि वातानुकूलित वाहन तकनीकी खराबी के लिहाज से पहले ही संवेदनशील होते हैं। फिर, जहां थोड़े-थोड़े अंतराल पर बसों की तकनीकी जांच की जानी चाहिए, विश्राम देना चाहिए, वहीं ज्यादातर बसें कई-कई घंटे लगातार चलाई जाती हैं। ऐसे में तकनीकी खराबी की वजह से हादसों की आशंका बनी रहती है। सुरक्षित सफर के लिए अन्य जरूरी




पहलुओं को सुनिश्चित किए बिना एक्सप्रेसवे जैसी तेज रफ्तार सड़कों पर दौड़ने वाली बसें दरअसल हादसे की आशंका अपने साथ लिए चलती हैं। सरकार और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि भाड़े की यात्री बसें यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अधिक जवाबदेह और गंभीर हों।

# शांतिनाथ मण्डल विधान में इन्द्र इन्द्राणियों ने मण्डल जी पर 120 श्री फल अर्ध्य चढ़ाया



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर में आर्यिका श्रुतमति सुबोध मति व विशेष मति माताजी संध के सानिध्य में शांतिनाथ मण्डल विधान का आयोजन किया गया। बुधवार 8 मई से 23 तक अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गाजे बाजे से विधान मण्डप की रचना करके शांतिनाथ मण्डल अनुष्ठान किया जा रहा है। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौला ने बताया कि 16 दिवसीय विधान कार्यक्रम में पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में चावलों से विधान मण्डप का मांडना किया गया जिसमें गुरु माता श्रुतमति सुबोध मति एवं विशेष मति माताजी के सानिध्य में पांच मंगल कलश की स्थापना हुई। कार्यक्रम में सोधर्म इन्द्र सन्मति कुमार श्रीमति कमलेश जैन महिपाल जैन नीलम जैन एवं मोहित जैन चंवरिया को भगवान शांतिनाथ जी का कलशाभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य मिला। इसी प्रकार शांति मण्डल विधान में सुभाष चंवरिया धनराज चंवरिया एवं ममता जैन ने विधान में भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक करके पूजा अर्चना की। जौंला ने बताया कि देव शास्त्र और गुरु पूजन आर्यिका रत्न आदिमति माताजी पूजन के साथ गाजे बाजे से शांतिनाथ मण्डल विधान की विशेष पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। विधान के अन्तर्गत श्रद्धालुओं ने 120 श्री फल अर्ध्य चडाय़े। इसके बाद भगवान शांतिनाथ जी की महाआरती उतारी गई। जौंला ने बताया कि विधान कार्यक्रम में प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर दिनेश चंवरिया सुरेश जैन महेन्द्र चंवरिया त्रिलोक रजवास विवेक जैन एडवोकेट रवि जैन नीरज जैन सहित कई लोग मौजूद थे।

# जवाहर कला केंद्र में मसाला मेला शुरू हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 19 मई 2024 को जवाहर कला केंद्र में मसाला मेला शुरू हुआ। मेले में पहले दिन बहुत जबरदस्त भीड़ रही। यह मेला 28 मई 2024 तक चलेगा। मेले में प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। मेला सुबह 10:00 बजे से लेकर रात को 10:00 बजे चलेगा।

# अष्टापद यात्रा के लिए यात्रियों का दल यात्रा के लिए प्रस्थान




**नोगामा. शाबाश इंडिया।** वागड क्षेत्र के नौगामा बागीदौरा गढी परतापुर डडुका एवं बांसवाड़ा से अष्टापद यात्रा हेतु आज 45 यात्रियों का दल यात्रा हेतु प्रस्थान किया यह यात्रा संघ पदमपुरा सांगानेर, रानीला अमृतसर वाघा बॉर्डर कटरा श्रीनगर गुलमर्ग हरिद्वार ऋषिकेश होते हुए अष्टापद बद्रीनाथ की 20 दिवस की यात्रा करेगा । इस यात्री दल को आज नोगामा नगर से जैन समाज नौगामा एवं महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा की ओर से यात्रियों तिलक लगाकर दुपट्टा उड़ा कर सम्मान किया गया एवं शुभ यात्रा हेतु कामना की गई महावीर इंटरनेशनल के वीर सदस्य भरत पंचोली गिरीश जैन आशीष पिडारमिया वीरा मीनाक्षी अनीता शाह, सुलोचना पंचोली सबका सम्मान किया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस अष्टापद यात्रा के इन में पर्यटक स्थलों पर मनाया जाएगा गत वर्ष भी महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा अष्टापद यात्रा के दौरान ऋषिकेश तीर्थ स्थल में निकुंभ महामंडल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया था आज यात्रियों की विदाई ।इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के वीर रमेश चंद्र गांधी सचिव कैलाश पंचोरी, मुकेश गांधी राजेंद्र गांधी आदि उपस्थित थे।

# धर्म पंथवाद का नहीं है, पथ मार्ग का है : आचार्य श्री सुंदर सागर जी महाराज



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। भगवान महावीर स्वामी की वाणी सुनने पर जीवन में कुछ परिवर्तन से कषाय कम होगी। आचार्य श्री सुंदर सागर जी महाराज श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में धर्म देशना में संबोधित करते हुए कहा कि शुभ कर्मों से हमें जिन मंदिर मिला है, भावों की कमी के कारण भगवान के दर्शन नहीं कर पाया है। धर्म पन्थवाद का नहीं है, पथमार्ग का है। हम लोग पन्थवाद में पड़ गए हैं। जिससे धर्म छूट गया है। उन्होंने कहा कि निग्रंथ ही वीतराग वाणी है। साधु जिनशासन से बंधा है। वह आगम के अनुसार चलेगा। जिनशासन का पन्थ जैन धर्म है। धर्म सबका है, धर्म विश्ववन्दनीय है। आचार्यश्री ने कहा की आत्मा में भगवान विद्यमान है, भावों से पत्थर भी भगवान बन सकता है। इस अवसर पर आर्यिका सुकाव्यमति माताजी ने कहा कि जीवन में वृति बनने का प्रयास करना चाहिए। मनुष्य पर्याय बड़ी दुर्लभता से मिला है। नियम- संयम लेकर जीवन का कल्याण करना चाहिए। प्रकाश पाटनी,राजेंद्र टोंगिया, संजय लुहाड़िया, श्रवण कोठारी, अशीष शाह ने दीप प्रज्वलन कर आचार्यश्री का पादपक्षालन किया। संचालन खेमराज कोठारी ने किया।

# बगदा के नवनिर्मित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में संपन्न हुआ चौबीसी मानस्तंभ शिलान्यास समारोह

**आगरा. शाबाश इंडिया**



गणाचार्यश्री विरागसागर जी महाराज के आशीर्वाद से मेडिटेशन गुरु उपाध्यायश्री विहसन्त सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सानिध्य में आगरा,शमशाबाद रोड़ के बरौली अहीर स्थित बगदा के नवनिर्मित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर परिसर में बन रहे चौबीसी मानस्तंभ के निर्माण के लिए शिलान्यास समारोह का आयोजन 20 मई को मंदिर के पास बने विशाल पंडाल में सानंद संपन्न किया गया। भक्तों ने सर्वप्रथम प्रभु का अभिषेक कियो अभिषेक के बाद शिलान्यास का शुभारंभ हीरालाल बैनाड़ा, विभू बैनाड़ा द्वारा ध्वजारोहण की पूर्ण क्रियाओं के साथ कियो तत्पश्चात आगरा दिगंबर जैन परिषद एवं श्री दिगंबर जैन शिक्षा समिति के पदाधिकारियों ने गणाचार्यश्री विराग सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण कर एवं दीप प्रज्वलन किया । साथ ही सौभाग्यशाली भक्तों ने उपाध्यायश्री विहसन्तसागर जी महाराज का पाद प्रक्षालन कर शास्त्र दान भेंट किया। इस अवसर पर बगदा आयोजक समिति ने बाहर से पधारे सभी अतिथियों का माला एवं पगड़ी पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस दौरान बगदा,मारुति स्टेट,सेक्टर 7, सेक्टर 4,कमला नगर,शालीमार एनक्लेव,कर्मयोगी एनक्लेव,बल्केश्वर, ट्रांसयुमना कॉलोनी,राजामंडी,मोती कटरा,राहुल विहार,ताजगंज, शमशाबाद,राजाखेड़ा,की सकल जैन समाज ने उपाध्यायश्री विहसंतसागर जी महाराज ससंघ के समक्ष श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त कियो साथ ही ग्रेटर कमला नगर जैन समाज ने उपाध्यायश्री के समक्ष श्रीफल भेंटकर चातुर्मास 2024 हेतु निवेदन किया। इसके बाद मंदिर परिसर में बनने वाले 37 फुट ऊंचे चौंबीसी मानस्तंभ का शिलान्यास समारोह कार्यक्रम शुरू हुआ। मध्यप्रदेश से पधारे प्रतिष्ठाचार्य आशुतोष जैन शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ मांगलिक क्रियाएं शुरू कराई। चौंबीसी मानस्तंभ शिलान्यास का सौभाग्य श्री दिगंबर जैन लोकोदय तीर्थक्षेत्र एवं श्री सर्वतोभद्र जिनालय के ट्रस्टी निर्मल जैन मोठया,वीरेंद्र जैन मौठया,रौनक मौठया,रजत मौठया परिवार को प्राप्त हुआ। परिवार के सभी लोगों के साथ भक्तों ने भी भक्तिभाव से चौंबीसी मानस्तंभ शिलान्यास की क्रियाएँ संपन्न कीं इसके साथ ही भक्तों ने 41 मंगल कलश स्थापित किऐ शिलान्यास समारोह में उपाध्यायश्री ने भक्तजनों को मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि बगदा की यह भूमि काफी अतिशय कारी है यह यहाँ के भक्तजनों का सोभाग्य का अवसर है की यहां मंदिर में स्वेत पत्थर से निर्मित भगवान श्री 1008 चंद्रप्रभु की प्रतिमा विराजमान होगी वही मंदिर के सामने 37 फुट ऊंचा मानस्तम्भ मंदिर की शोभा बढ़ायेगो मंदिर महामंत्री अनंत कुमार जैन ने बताया कि इस 37 फुट ऊंचे मानस्तंभ में 17 इंच की चौबीस तीर्थंकर भगवानों की प्रतिमाएं विराजमान होगी और कहा कि आगामी 9 महीनों में श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा एक माह बाद सम्भवत मंदिर का पंचकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगो इस शिलान्यास कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय जी के सुपुत्र डॉक्टर आलोकिक उपाध्याय एवं बरौली अहीर के ब्लॉक प्रमुख उत्तमचंद जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुऐ जिनका आयोजक समिति ने स्वागत सम्मान कियो इस शिलान्यास के लिए श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़कर दान राशि दी कार्यक्रम का संचालन मनोज जैन बाकलीवाल द्वारा किया गयो इस पूरे कार्यक्रम में संगीत शशि जैन पार्टी द्वारा दिया गयो इस अवसर पर आगरा दिगंबर जैन परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद जैन सुनील जैन सिंघई,राजेश जैन कारपेट वाले, पुष्पेंद्र जैन,मनोज जैन, सुधीर जैन, अनंत कुमार जैन,मनोज जैन, महेश जैन, सुरेशचंद जैन, प्रदीप जैन मामा, सुमन जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, समस्त आगरा सकल जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। **-रिपोर्ट शुभम जैन**

# अ.भा.दिगम्बर जैन विद्वत्परिषद का अधिवेशन ललितपुर में

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन विद्वत्परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 27 मई को ललितपुर में डा.वीरसागर जी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। अधिवेशन में विद्वत्परिषद के ट्रस्टी गण, राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रादेशिक कार्यकारिणी के पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। स्मरण रहे कि विद्वत्परिषद् की ओर से इस वर्ष को तत्त्वार्थसूत्र वर्ष घोषित किया गया है। इस उपलक्ष्य में देश भर में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।समाज में इन प्रतियोगिताओं को लेकर बड़ा उत्साह है। अभी तक तीन हजार की संख्या में क्विज प्रतियोगिता की निर्देशिका उपलब्ध कराई जा चुकी है जबकि हमारा लक्ष्य 7 हजार प्रतिभागियों को शामिल करने का है। विद्वत्परिषद् के महामंत्री डा.अखिल बंसल ने बताया कि अनेक स्थानों पर तत्त्वार्थसूत्र गोष्ठियों के आयोजन विद्वत्परिषद के तत्वावधान में हो चुके हैं अब 1 जून को ललितपुर में भी तत्त्वार्थसूत्र गोष्ठी आयोजित है। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने अध्यक्ष-डा.वीरसागर, कार्याध्यक्ष -डा.शांतिकुमार पाटिल, महामंत्री -डा.अखिल बंसल, शिक्षा मंत्री-डा.प्रवीणकुमार जैन,संगठन मंत्री-डा.अरविन्द कुमार जैन, कोषाध्यक्ष -पण्डित पीयूष जी शास्त्री के साथ पण्डित गौरव उखलकर, पण्डित मंथन गाला, पण्डित अमन शास्त्री, पण्डित अनेकान्त शास्त्री आदि की टीम प्राणपण से जुटकर कार्यरत है। इसके पुरस्कार वितरण के समारोह को भव्यता प्रदान करने सभी कटिबद्ध हैं। 26 मई की रात्रि में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग रखी गई है। सभी पदाधिकारियों से अनुरोध है कि मीटिंग व अधिवेशन में सभी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। प्रत्येक कार्यकर्ता का सहयोग अपेक्षित है। **-डा.अखिल बंसल, महामंत्री**

# निर्माण नगर जयपुर में हुआ गुरु मां विज्ञाश्री माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ का श्री दि. जैन मंदिर पार्श्वनाथ कालोनी, निर्माण नगर जयपुर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के बंधुओं ने गाजे-बाजे के साथ आर्यिका संघ की आगवानी की। मंदिर प्रांगण में शांतिधारा के मंत्रों का उच्चारण किया गया। तत्पश्चात प्रवचन सभा का आयोजन हुआ। मंगलाचरण , चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट, पाद प्रक्षालन समाज श्रेष्ठियों द्वारा सम्पन्न किया गया। इसी बीच नेमिसागर कालोनी से पदाधिकारियों ने पूज्य गुरुमाँ के श्री चरणों में अल्प प्रवास हेतु श्रीफल समर्पित किया। निर्माण नगर समाज की वयोवृद्ध श्राविका मनोहर देवी सहित सपरिवार ने पूज्य गुरूमाँ के चरणों में सल्लेखना पूर्वक समाधिमरण के लिए निवेदन किया। प्रवचन के दौरान माताजी ने सल्लेखना करने का फल बतलाते हुए कहा कि- सौ बार दीक्षा लेना, देना या अनुमोदना करने के बराबर समाधि का फल है। समाधि आत्मघात नहीं यह तो निर्भिक होकर मृत्यु का सामना करके मृत्यु महोत्सव मनाने का एक आयाम है। निर्विघ्न रूप से समाधिमरण का यह काल सम्पन्न हो इस हेतु समाज, परिवार से अनुमति पूर्वक मनोहर देवी के लिए सल्लेखना के व्रत दिये गये।



# “पानी है अनमोल इसे व्यर्थ ना गवाएं”



आलेख- शिवकुमार वशिष्ठ: वरिष्ठ पत्रकार

जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे-वैसे पानी का संकट खड़ा होता जा रहा है। हालांकि जलदाय विभाग द्वारा हर व्यक्ति का तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यहां तक कि विभाग द्वारा केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में विचरण करने वाली पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए भी समय-समय पर पानी की व्यवस्था की जा रही है और शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक-दो दिन के लिए पानी की सप्लाई को बंद कर केवलादेव उद्यान में पहुंचा जा रहा है लेकिन आमजन अपनी जिम्मेदारियां को अभी भी नहीं समझ पा रहे। एक दिन जलदाय विभाग द्वारा पानी की सप्लाई को बंद कर दिया जाता है तो पानी के लिए त्राहि त्राहि मच जाती है। लोग बर्तनों को लेकर पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते हैं और किसी भी तरह से पानी पाने के लिए दिनभर जतन करते रहते हैं लेकिन जब भरपूर पानी जलदाय विभाग द्वारा दिया जाता है तो लोग अपनी जिम्मेदारियां को भूल जाते है। बेवजह नलों को खुला छोड़ देते हैं जिससे पानी व्यर्थ ही फैलता रहता है और लाखों गैलन पानी नालियों में बहकर निकल जाता है। लोग सड़कों को पाइप लगाकर पानी से धोते हैं तो वहीं पंप चलकर पानी को बेहतरीव तरीके से वाहनों को धोते हैं जिससे व्यर्थ ही पानी बहता रहता है लेकिन जब एक दिन पानी नहीं आता है तो पानी के लिए वह तरस जाते हैं फिर भी उनकी समझ में पानी का मोल नहीं आ पाता है। पानी अनमोल है। हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि पानी को फैलाएं नहीं जितनी जरूरत हो उतना ही काम में ले। अपना काम होने के बाद नलों को बंद कर दें। शहर व अब तो ग्रामीण क्षेत्रों में जलदाय विभाग द्वारा चम्बल के स्वच्छ पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन लोगों ने स्वार्थयवश उस पानी को गंदा कर दिया है। जगह जगह से पानी की लाइनों को तोड़कर अवैध कनेक्शन कर लिए और और जानवरों को चम्बल के पानी से नहलाने का काम करते हैं। जलदाय विभाग द्वारा समय समय पर अवैध कनेक्शनों को बंद भी किया जाता है लेकिन जलदाय विभाग की बेहतर नीति नहीं होने के परिणाम स्वरूप लोग अपने स्वार्थ को खातिर फिर से गड्ढा खोदकर अवैध कनेक्शन करने से बाज नहीं आते। यही हाल रहे तो वह दिन दूर नहीं है जब पानी की एक एक बूंद के लिए तरसना पड़ेगा।

# विश्व जैन संगठन इंदौर के सदस्यों ने दर्शन गिरी तीर्थ क्षेत्र पर कार सेवा की

**इंदौर. शाबाश इंडिया।** विश्व जैन संगठन इंदौर के सदस्य आज 19 मई 2024 को पूरी टीम के साथ उज्जैन मक्सी रोड पर दर्शन गिरी तीर्थ पर गये तथा मंदिर जी में रखरखाव में सहयोग दिया। संगठन के सदस्यों ने मंदिर परिसर की पूरी साफ सफाई की, खरपतवार आदि हटाई। सभी जिन प्रतिमाओं का अभिषेक पूजन किया जिसके बाद भगवान की छवि अलग ही नजर आ रही थी। समस्त मंदिर परिसर पर ध्वजा लगाई जिससे जिनधर्म की प्रभावना हो। भगवान से प्रार्थना है कि दर्शन गिरी तथा जिनधर्म की प्रभावना चहुं ओर फेले। विश्व जैन संगठन इंदौर से मयंक जैन, पारस जैन, मुकेश जैन, मयूर जैन, संतोष जैन मामाजी, हेमंत जैन, राहुल जैन तिलक नगर, दिनेश जैन विजय नगर, प्रासुख जैन, राजेश जैन तिलक नगर, श्रियांस जैन समर्थ सिटी, अर्पित जैन सागर, अकिंत जैन, आशीष जैन मल्हारगंज, प्रेरणा जैन, निर्मला जैन, सुनीति जैन, मनोवती जैन, अनुभा जैन, पारस जैन समर्थ सिटी, मोक्ष जैन, इंद्रा जैन पाटन आदि ने अपनी सेवाए दी। आर के जैन प्रचार मंत्री अ भा पल्लीवाल जैन महासभा शाखा इन्दौर ने बताया कि विश्व जैन संगठन इंदौर का हमेशा से लक्ष्य रहा है कि धर्म के चल और अचल आयतनों की सुरक्षा हो, संरक्षण और संवर्धन हो। और सदेव इसी कार्य में अग्रणी रहा है। इस अवसर पर उज्जैन से अभिषेक जैन, मोहित जैन, अशोक जैन राणा उज्जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। ट्रस्टी दिलीप विनायका और श्रीपाल गंगवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# श्रीमति अंजली जैन श्रीमाल का बैंकिंग सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हुआ अभिनंदन



**कोटा. शाबाश इंडिया।** श्रीमति अंजली जैन श्रीमाल पुत्री प्रकाश चंद जैन - स्वर्गीय श्रीमती मीरा जैन दरा जिला कोटा को बैंकिंग सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने पर प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोटा के शाखा प्रबंधक एवं अभिषेक सक्सेना भी उपस्थित हुए। विदित हो कि श्रीमति अंजली जैन धर्मपत्नी मनोज कुमार जैन (अभियंता जे डी ए जयपुर) वर्तमान समय में आप आर के पुरम एस बी आई बैंक की शाखा प्रबंधक के पद पर अपनी सेवाए समर्पित कर रही है। आपने एक स्नेह भेट में राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार को बताया कि इस सम्मान के लिए लिए कड़ी मेहनत लगन और कार्य के प्रति समर्पण और माता पिता, सास-ससुर के आशीर्वाद तथा पति एवम बेटी का सहयोग का फल ही है। इस अवसर पर श्रीमति अंजली जैन को सभी परिवारजनों के खूब खूब बधाई दी। हम इनके उज्वल भविष्य की मंगलमय कामना वीर प्रभु से करते है।



# सत्य भारती स्किल फेस्ट में कंप्यूटर प्रशिक्षण और वैदिक गणित क्लासेस का आयोजन हुआ



**भानगढ़. शाबाश इंडिया।** सत्य भारती स्किल फेस्ट में कंप्यूटर प्रशिक्षण और वैदिक गणित क्लासेस का आयोजन हुआ। शिक्षा विभाग एवं भारती एयरटेल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय सत्य भारती स्किल फेस्ट शहीद लाल सिंह राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अजबार, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानगढ़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जिया बेरी और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुईइंदा में ''वैदिक गणित और कंप्यूटर प्रशिक्षण'' की क्लासेस में तीसरे दिन गुना और भाग की कई शॉर्ट तकनीक सिखायी गई जिसमें करीब 168 विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, स्किल फेस्ट के तीसरे दिन सभी विद्यार्थियों बहुत उत्साहित नजर आए तथा विद्यार्थियों को वैदिक गणित का सरल उपयोग और बेसिक कंप्यूटर ज्ञान से अवगत करवाया गया। प्रभारी पुनीत भटनागर ने बताया की विद्यालय परिसर में वैदिक गणित मे जोड़, घाटाना, गुणा, भाग की विधि का उपयोग पर जोर दिया गया। कंप्यूटर प्रशिक्षण में बेसिक फोल्डर बनाना और कंप्यूटर के पार्ट्स के बारे मे बताया गया। इससे विद्यार्थियों को नई तकनीकी ज्ञान और कौशल प्राप्त होते हैं जो उन्हें आगे के करियर में सफल होने में मदद करते हैं। कंप्यूटर शिक्षा साक्षरता को बढ़ावा देती है, खासकर उन लोगों के लिए जो अभी तक तकनीकी उपकरणों का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इससे उनका जीवन सुगम और आसान हो जाता है। वैदिक गणित में मानसिक गणना की तकनीकों को बढ़ावा दिया जाता है जो गतिविधि और प्रभावी गणनाओं को संभव बनाते हैं। ये विधियाँ आपकी योग्यता में सुधार करती हैं कि मानसिक गणनाओं को हल कर सकें, जो दैनिक जीवन, शिक्षा और पेशेवर जीवन में गणित से संबंधित कई क्षेत्रों में लाभकारी हो सकते हैं। स्थानीय विद्यालय परिसर में पांच दिवसीय सत्य भारती स्किल फेस्ट के माध्यम से कठिन लगने वाला विषय के प्रति रुचि बनेंगी। इन उपयोगों के माध्यम से, कंप्यूटर शिक्षा व्यक्ति को समृद्धि और सम्मान के साथ उच्च स्तरीय जीवन जीने में मदद कर सकती है।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से...



**दुश्मनी को मिटाने का छोटा सा फार्मूला अपनाइये**
**प्लीज दुश्मन को देखकर एक बार मुस्कुराइये...!**

बैर कब तक है ? जब तक दो दुश्मन एक दूसरे को देखकर मुस्कुराते नहीं है। जिस दिन एक दूसरे को देखकर मुस्कुरा देंगे, उसी दिन बैर का विनाश हो जायेगा। हँसना मुस्कुराना सिर्फ मनुष्य की नियति में है। हँसना मुस्कुराना सबकी किस्मत में नहीं होता। जो ईर्ष्या, द्वेष, क्लेश से दूर है वो ही हँसने मुस्कुराने का आनंद ले सकते हैं। मनुष्य जन्म लेता है, तब सारी दुनिया हँसती है, वह रोता है,, लेकिन अब हम ऐसा कर्म करें, सत्कर्म करें कि जब हम मरे तो सारी दुनिया रोए और हम हँसे। हँसना मुस्कुराना भी कला है। किसी को जीतना है तो तलवार से नहीं प्यार से जीतो, प्रेम से जीतना सीखो, प्रेम से जीता व्यक्ति कभी तुमसे अलग नहीं हो सकता। तलवार से जीता व्यक्ति तो कालांतर में सबल हो सकता है। हँसने मुस्कुराने में तो कुछ जाता भी तो नहीं है। रोते हैं तो आंसू जाते हैं, मुस्कुराने में तो वो भी नहीं जाते। हम कठोर से कठोर परिस्थितियों में भी हँजसना मुस्कुराना सीखें। जब आप हँसते, मुस्कुराते हैं तो सब आपके साथ होते हैं। लेकिन जब आप रोते हैं, तो अपने भी साथ छोड देते हैं।

इसलिए
हम हमेशा अपने चेहरे पर मधुर मुस्कान को रखें..
परन्तु नेताओं जैसी नहीं, सन्त शिशुओं जैसी...।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

# दयालपुरा जैन मंदिर में की शांति धारा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर से 42 किमी दूर दौसा से 10 किमी पहले करीब 2किमी अंदर दयालपुरा ग्राम मे लगभग 550 वर्ष पुराना श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर है यहाँ अति प्राचीन 11 प्रतिमाये है । मंदिर जी में शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय हैं कि मंदिर जी के पास एक जैन परिवार रहता है जिन्होंने वहा अच्छी व्यवस्था कर रखी है। आप सभी से निवेदन जब भी श्री महावीर जी या दौसा जाये इस मंदिर जी के दर्शन लाभ अवश्य ले ।

# दिगंबर जैन मंदिर शक्ति नगर मंदिर में धार्मिक शिक्षण शिविर आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन मंदिर शक्ति नगर मंदिर में धार्मिक शिक्षण शिविर चल रहा है। शिविर सयोजक- अकिंता बिलाला ने बताया कि आज सभी बच्चों को अभिषेक व पूजन कराई गई सभी बच्चों ने बड़ा उत्साह दिखाया। अल्पहार व गिफ्ट सोहनलाल छाबड़ा द्वारा दिया गया। पारस पल्लीवाल ने सभी बच्चों मे धर्म के प्रति रुचि देख उनको प्रोत्साहित किया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com





# दी इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया नॉर्थन इंडिया रीजनल कॉउन्सिल की रेजीडेंशियल रीजनल कॉन्फ्रेन्स-2024 आयोजित

**अमित गोधा**

ब्यावर 17 से 19 मई 2024 को NIRC of ICMAI द्वारा रेसिडेंशियल रीजनल कॉन्फ्रेंस- 2024 का सफल आयोजन उत्तराखंड के रामनगर (Jim Corbett Park) अंनतम गेटवे रिसॉर्ट मैं प्रोग्राम थीम ₹ विकसित भारत - 2047- ग्रोथ विथ ग्रीन एनर्जी (Viksit Bharat 2047 : Growth with Green Energy ₹ पर आयोजित की गई।रीजन चेयरमैन सीएमए एस.एन. मित्तल ने बताया कि नार्थन रीजनल कॉउन्सिल की टीम ने इसे बहुत ही कम समय 28 दिन में सफल बनाया। उसके लिए समस्त टीम, कॉउन्सिल मेम्बर्स, कॉरपोरेट डेलिगेट्स, मेम्बर्स डेलिगेट्स फैमिली मेम्बर्स एवं स्टाफ को समस्त कॉउन्सिल की तरफ से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।सभी मेम्बर्स कॉरपोरेट डेलिगेट्स का फैमिली मेम्बर्स के साथ बसों में एक साथ जाना, आना एवं कॉन्फ्रेंस के साथ फेलोशिप का अविस्मरणीय अनुभव रहा।सभी पार्टीसिपेंट्स ने अपने परिवार के साथ इस प्रोफेशनल कॉन्फ्रेंस में टेक्निकल सेशन के साथ कल्चर प्रोग्राम में शिरकत करी।प्रथम दिन रामनगर की लोकल कल्चर टीम द्वारा वेलकम एवं शाम को लोकल फॉल्क डांस का भी आयोजन किया गया।प्रथम दिन टेक्निकल सेशन स्पीकर सीएमए महेश कुमार मित्तल ( Former DF, NHPC) ने ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स पर पब्लिक फाइनेंसिंग को पीपीटी द्वारा विस्तार से बताया। सम्मानित अतिथि सीएमए संजय जिंदल (डायरेक्टर फाइनेंस, इंजीनियर इण्डिया लिमिटेड) थे।दूसरे दिन के टेक्निकल सेशन में स्पीकर सीएमए संदीप कुमार भट्ट (Former Chairman, NIRC) ने ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट्स की लागत के मुख्य घटक(मेजर एलिमेंट्स) के बारे में पीपीटी द्वारा विस्तार से बताया। समानित अतिथि फॉर्मर प्रेसीडेंट दिनेश कुमार बजाज, एवं विजेंदर शर्मा थे। कॉन्फ्रेंस में सीएमए नवरतन गुप्ता, डायरेक्टर फाइनेंस (ब्रिज एंड रूफ कंपनी इंडिया लिमिटेड,) भारत भूषण गुप्ता (डायरेक्टर फाइनेंस, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण), कॉउन्सिल मेम्बर सीएमए मनोज कुमार आनन्द, सीएमए नवनीत कुमार जैन, माधुरी कष्यप ( ट्रेजरार, NIRC of ICMAI) रीजनल कॉउन्सिल मेम्बर सीएमए हनी सिंह, सीएमए मनीष कांडपाल, सीएमए जीवन चन्द्रा थे।कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त (पद्मश्री से सम्मानित) गुलाबो टीम द्वारा वेलिडेटरी सेशन के बाद शानदार अविस्मरणीय कल्चर प्रोग्राम किया गया।कॉन्फ्रेंस में 11 कंपनी कॉरपोरेट ( GAIL, POWER GRID, NHPC, IOCL, IGL, NBCC, NFL,NTPC,ONGC(Videsh), RITES, EIL) से स्पॉन्सरशिप एवं इनके अलावा विभिन्न कंपनियों के कॉरपोरेट डेलिगेट्स, करीब 14 CMA चैप्टर्स प्रतिनिधियो, कॉउन्सिल मेम्बर्स एवं फैमिली मेम्बेर्स सहित करीब 340 पार्टिसिपेंट्स ने सहभागिता की। कॉन्फ्रेन्स का संचालन सीएमए संतोष पन्त, सेक्रेटरी एनआयीआरसी ने किया तथा को-ऑर्डिनेट सीएमए राकेश यादव वाईस चेयरमैन NIRC ऑफ ICMAI ने किया।

# श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में शिविर के बच्चों द्वारा पूजा का आयोजन किया गया






**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्रमण संस्कृति संस्थान के अंतर्गत श्री संत सुधा सागर आवासीय कन्या महाविद्यालय द्वारा श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल त्रिशला संभाग दुगार्पुरा के सानिध्य में रविवार दिनांक 19 में को श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में शिविर के बच्चों द्वारा पूजा का आयोजन किया गया संभाग अध्यक्ष श्रीमती चंदा सेठी एवं सचिव श्रीमती रेनू पांड्या ने बताया कि शिविर में प्रत्येक दिन प्रभावना वितरण की जाती है। उसी के अंतर्गत आज महावीर भंवर देवी जैन की तरफ से प्रभाव ना वितरण की गई ।शिविर में 125 शिवरार्थि उपस्थित होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। तत्वार्थ सूत्र छहैढाला प्रथम भाग एवं द्वितीय भाग की कक्षाएं चल रही है

# केबीजीबी संस्था के सरदार जसबीर सिंह छाबड़ा अध्यक्ष और सुखदेव सिंह महासचिव बने

## सेवा के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे

जयपुर. शाबाश इंडिया



सिख समाज की अग्रणी एवं रजिस्टर्ड संस्था कौन बनेगा गुरसिख बच्चा संस्था (केबीजीबी) के चुनाव में सरदार जसबीर सिंह छाबड़ा को अध्यक्ष मनोनित किया गया। सिख समाज की कई धार्मिक, समाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े सरदार जसबीर सिंह को ₹बोले सो निहाल सत श्री अकाल₹ जैकारे के साथ सर्वसम्मति से केबीजीबी संस्था का अध्यक्ष चुना गया। जसबीर सिंह ने विश्वास दिलाया कि संस्था सिख समुदाय में धार्मिक, शैक्षणिक और वैवाहिक क्षेत्रों में सेवा के नए प्रोजेक्ट शुरू करेगी, इसके लिए विभिन्न कमेटियों का गठन होगा। केबीजीबी संस्था में सुखदेव सिंह महासचिव और कोषाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह को चुना गया। सरदार हरमिंदर सिंह 'मिन्नी' वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह रॉबिन उपाध्यक्ष, कोटा के सरदार सुखविंदर सिंह ज्वाइंट सेक्रेटरी मनोनीत हुए। सरदार ओंकार सिंह, सरदार दीप सिंह, सरदार गुरपाल सिंह, मेहरबान सिंह, राजिंदर सिंह, डॉ मंजीत कौर और अरविंदर सिंह टक्कर कार्यकारिणी के मानद सदस्य चुने गए।

**रिपोर्ट: ओंकार सिंह, निवर्तमान अध्यक्ष**

## जयपुर जैन सभा समिति के चुनाव में सुदीप बगडा, अध्यक्ष तथा रवि प्रकाश जैन, सचिव बने



जयपुर. शाबाश इंडिया। जयपुर जैन सभा समिति के चुनाव - दिनांक 19 मई 2024 आज दिनांक 19 मई 2024 को भटटारक जी की नसियां, जयपुर पर दोपहर 12.00 बजे जयपुर जैन सभा समिति कार्यकारिणी एवं पदाधिकारियों के चुनाव हेतु बैठक आयोजित हुई, जिसमें निम्न पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य निर्विरोध चुने गयेः सुदीप बगडा, अध्यक्ष, रामवतार जैन, उपाध्यक्ष, रवि प्रकाश जैन, सचिव, नवीन जैन, (बिल्टीवाला), सयुंक्त सचिव, विकास जैन सीए, कोषाध्यक्ष, तथा कार्यकारिणी सदस्य : राज प्रमोद शाह, डाक्टर विनय सोनी, प्रतीक लुहाडिया, राजेश लुहाडिया, कमल बगडा, यश कमल अजमेरा,श्रीमती रश्मि कोठयारी, इंद्र कुमार जैन, एकेंन्द्र जैन,श्रीमति सुनीला जैन, संदीप पापड़ीवाल, सुभाष चंद सेठी, श्रीमती मालती जैन, पी के जैन मनोज बगडा एवं दीपक सौगाणी निर्वाचित हुए। सभी नव निर्वाचित सदस्यों एवं पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाइयाँ एवं शुभकामनाएं। हमें आशा है कि यह नव निर्वाचित टीम जयपुर जैन सभा समिति के उद्देश्यों को समाज हित में पूरा करेगी एवं समाज में जागृति का कार्य करते हुए जैन समाज को आगे बढ़ायेगी।

## श्री चौबीस महाराज पूजा संघ द्वारा जयपुर के अतिशय कारी प्राचीन मंदिरों के दर्शन का एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर की प्रमुख चौकड़ीयों में चौकड़ी मोदी खाना का नाम मुख्या से लिया जाता है। इस चौकड़ी के श्री चौबीस महाराज पूजा संघ द्वारा जयपुर के अतिशय कारी प्राचीन मंदिरों के दर्शन कराए गए। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम महावीर का मंदिर गोपाल जी का रास्ता में सामूहिक भक्तामर स्तोत्र का वाचन किया गया और सभी के दर्शन निर्विघ्न पूर्वक हो इसके लिए भगवान से प्रार्थना की गई। साथ ही भगवान के समक्ष सब लोगों ने यह नियम लिया कि जब तक संपूर्ण जिनालयों के दर्शन नहीं हो जाते तब तक के लिए आहार जल का त्याग का संकल्प लिया। इस मंदिर दर्शन यात्रा में शहर के विभिन्न कालोनियों से लगभग 200 भक्तजन सम्मिलित हुए। हमारा उद्देश्य यह रहता है की शहर से जो लोग पलायन करके कॉलोनी में बस गए हैं वह पुनः आकर के अपनी धरोहर के दर्शन करें तथा विरासत को संभालें। पंडित रमेश चंद गंगवाल तथा प्रमोद शाह ने मंदिरों के प्राचीन इतिहास तथा मंदिरों के गुंबद वास्तुकला को बहुत बारीकी से समझाया। इस मंदिर यात्रा में 10 वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष के बुजुर्गों ने दर्शन करके अपने आप को धन्य किया। बुजुर्गों के वास्ते मंदिर यात्रा करवाने के लिए ई रिक्शा की भी व्यवस्था की गई। दर्शन यात्रा पूर्ण हो जाने पर सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। मंदिर दर्शन यात्रा का समापन मुनि संघ सेवा समिति पारस नाथ भवन में मुनि श्री प्रतीक सागर जी महाराज के चरणों की वंदना करके उनके मंगल उपदेश सुनकर पूर्ण हुई। इस मंदिर दर्शन यात्रा में विकास जैन सीए, दीपक सोगाणी मनोज सोगाणी तथा संतोष ठोलीया का अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ।

# एल.पी.-आर.डी. बर्मन नाईट 26 मई रविवार को

## प्रदेश में पहली बार आर.डी. बर्मन और एल.पी. म्यूजिक ग्रुप के 34 कलाकार एक मंच पर देंगे संयुक्त प्रस्तुति

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में गुलाबी नगर में एल.पी.-आर.डी. बर्मन नाईट एन इवनिंग विद लक्ष्मीकांत प्यारेलाल एंड आर.डी. बर्मन का रंगारंग आयोजन 26 मई रविवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में शाम 6 से 10 बजे तक होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त गायक 70 और 80 के दशक के 28 बॉलीवुड गानों की शानदार प्रस्तुतियां देंगे। म्यूजिकल ग्रुप के आलोक कटडारे, सर्वेश मिश्रा, प्रियंका मित्रा और गुल सक्सैना गाड़ी बुला रही है, सोलह बरस की बाली उमर को सलाम, हंसता हुआ नूरानी चेहरा, पर्दा है पर्दा और सांग ऑफ द मिलेनियम एक प्यार का नगमा है जैसे एवरग्रीन बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देंगे। गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल और आर.डी. बर्मन टीम मुंबई के बांसुरी वादक मोहित शास्त्री, वॉयलिन वादक जीतू ठाकुर, ट्रम्पेट वादक किशोर सोढा, की-बोर्ड प्लेयर संजय मराठे, सेक्सोफोन वादक नागेश कोली, ट्रम्बोन प्लेयर ब्लास्को मोंसोरेट, तुम्बा प्लेयर समित पेडणकर, ड्रम प्लेयर सुमित सरफरे, गिटार वादक बृजेश शाह और ढोलक वादक विजय जादव सहित 34 ख्यातिप्राप्त साजिंदे वाद्ययंत्रों पर संगत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाऐंगे। इन सभी म्यूजिसियंस ने बॉलीवुड फिल्म शान, शोले, शालीमार, बाजीगर, हम दिल दे चुके सनम, देवदास, लावारिस, मुकद्दर का सिकंदर, कुर्बानी, सागर, डिस्को डांसर और आराधना फिल्म के गानों सहित 6 हजार से ज्यादा गीतों को संगीत से सजाया है।




### तैयारियों का लिया जायजा

आयोजन समिति के अध्यक्ष रोटेरियन सुधीर जैन गोधा, उपाध्यक्ष सीए संजय पाबुवाल, मुख्य संयोजक सीए नरेंद्र मित्तल, अवधारणा और संग्रहालयाध्यक्ष अनुराग दीक्षित, कोषाध्यक्ष सीए आर.के. गुप्ता, समन्वयक जितेंद्र मित्रुका, मुकेश गुप्ता, धर्मेंद्र चब्र, संजय अग्रवाल और समन्वयक सीए मनोज जैन ने कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मीकांत कुडलकर का जन्म 1937 में हुआ था और इनके पिता का नाम शांताराम था। प्यारेलाल शर्मा का जन्म 1940 में हुआ था और इनके पिता का नाम रामप्रसाद था। इस संगीतकार जोड़ी ने 1963 से 1998 तक 750 फिल्मों के गानों को संगीतबद्ध दिया जिसे आज भी पसंद किया जाता है। आर.डी. बर्मन ऐसे संगीत निर्देशक थे जिन्होंने 1960 से 1990 के बीच 331 फिल्मों में संगीत निर्देशन किया। इन्होंने कई फिल्मों में अभिनय भी किया।

# दिगंबर जैन महासमिति उनियारा ने परिंडे लगाये




**उनियारा. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन महासमिति उनियारा की ओर से गर्मी में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को घरों तथा पेड़ों पर परिंडे बांधने के लिए कहा गया। साथ में ही परिंडे का वितरण भी किया गया। इस दौरान सोनू पाटोदी, सोनिया बिलाला, ज्योति जैन, आशा जैन, सोनल जैन आदि मौजूद थी।

# श्री दिगंबर जैन आदर्श महिला संस्कृत महाविद्यालय में वरिष्ठ उपाध्याय की छात्राओं का परीक्षा परिणाम 99% रहा

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर जी। स्थानीय श्री दिगंबर जैन आदर्श महिला संस्कृत महाविद्यालय में वरिष्ठ उपाध्याय की छात्राओ का परीक्षा परिणाम 99% रहा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान (फहरए) सोमवार, 20 मई 2024 को सीनियर सेकेंडरी (कक्षा 12) के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मुकेश शर्मा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान से संबंध श्री दिगंबर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय समिति द्वारा संचालित वरिष्ठ उपाध्याय विद्यालय की छात्राओं का परीक्षा परिणाम 99% रहा है। वरिष्ठ उपाध्याय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में सुहानी गोयल सुपुत्री योगेश कुमार गोयल ने 93% अंक प्राप्त करके राज्य स्तरीय वरीयता सूची में अपना स्थान बनाया है। इसी प्रकार प्रियांशी गुप्ता, खुशी जांगिड़, रिया जाटव, परी जांगिड़ आदि ने जिला स्तरीय वरीयता सूची में अपना स्थान बनाया है। सुहानी गोयल का जिला स्तरीय वरीयता सूची में प्रथम स्थान रहा है। संस्थान के अध्यक्ष एवं मंत्री ने सफल छात्राओं को बधाई संप्रेषित की है।



# अंजली गोयल की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर 19 मई को

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचनः श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री मनोहर दास जी महाराज मंहत मंदिर श्री चिंताहरण काले हनुमान जी, मानसरोवर जयपुर, मोती डूंगरी गणेश मंदिर मंहत श्री कैलाश शर्मा, जयपुर ग्रेटर वार्ड 64 के पार्षद श्री राजू अग्रवाल, जयपुर ग्रेटर वार्ड 78 के पार्षद श्री रवि उपाध्याय एवं प्रदेश संयोजक (वरिष्ठजन प्रकोष्ठ) भाजपा श्री राधेश्याम उपाध्याय श्री नवीन भंडारी ट्रस्टी श्रीराम आशापूरण चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा किया गया। जिसमें विपिन कुमार गुप्ता, अक्षय गुप्ता, सोश्यल सर्विस डीसीएम, जयपुर आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, रक्तदान शिविर एवं अंजली गोयल की प्रथम पुण्यतिथि के तत्वाधान में 19 मई 2024 रविवार को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक तलवारिया मैरिज गार्डन, 80 फीट रोड़, महेश नगर, जयपुर में लगाया जाएगा, जिसमें फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. कोनिका भोजक द्वारा निःशुल्क परामर्श की सुविधा और प्रत्येक रक्तवीर को जाँच रिर्पोट, दानदाता कार्ड, प्रशस्ति-पत्र एवं उपहार प्रदान किए जाएंगे।




**माइनिंग सेक्टर में करीब 5 लाख छायादार-फलदार पौधे लगायेंगे जाएंगेः खान सचिव आनन्दी**

# मानसून सीजन में खनन क्षेत्रों में कलस्टर बनाकर किया जाएगा पौधारोपण-वृक्षारोपण

## खनिज दोहन हो चुकी खानों का पुनर्भरण कर वृक्षारोपण करवाया जाएगा, रखरखाव की जिम्मेदारी होगी सुनिश्चित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



माइंस विभाग द्वारा मानसून के दौरान राज्य के खनन क्षेत्रों व विभागीय कार्यालयों में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। माइंस सचिव आनन्दी ने बताया कि कलस्टर आधार पर भी वृक्षारोपण करवाया जाएगा ताकि मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण-वृक्षारोपण के साथ ही लगाये जाने वाले पौधों/वृक्षों का रखरखाव भी सुनिश्चित हो सके। वृक्षारोपण के दौरान छायादार व फलदार पौधे लगाने को प्राथमिकता दी जाएगी। विभागीय अधिकारी स्थानीय प्रशासन व वन विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए पौधे प्राप्त कर सामूहिक वृक्षारोपण करवाएंगे। आनन्दी ने बताया कि एक मोटे अनुमान के अनुसार माइनिंग सेक्टर में इस मानसून सीजन में पांच लाख से अधिक पौधे लगाये जाएंगे। वृक्षारोपण कार्य के लिए सभी विभागीय कार्यालयों में एक-एक अधिकारी को इस कार्य के देखरेख की जिम्मेदारी दी जाएगी वहीं मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक पर्यावरण एवं विकास दीपक तंवर मोनेटरिंग करेंगे। खान सचिव द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशानिर्देश दे दिए गए हैं। वृक्षारोपण कार्यक्रम में माइंसधारकों की भूमिका व सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। खान सचिव आनन्दी ने कहा कि माइंस विभाग के खनन गतिविधियों से जुड़े होने के कारण पर्यावरण संरक्षण की भी अधिक जिम्मेदारी हो जाती है। प्रत्येक जिले के खनन पट्टा क्षेत्रों में जहां खनन कार्य पूरा होकर बंद हो चुका है वहां कम से कम एक खान चिन्हित कर उसका पुनर्भरण करवाने और फिर उस स्थान पर व्यापक वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कलस्टर बनाकर व विभागीय कार्यालयों में पौधारोपण के साथ ही माइनिंग लीज क्षेत्रों में पौधारोपण करवाया जाएगा। आनन्दी ने बताया कि प्रदेश में मेजर व माइनर मिनरल की छोटी बड़ी 30 हजार से अधिक माइंस है। विभागीय अधिकारी माइंस धारकों से समन्वय बनाते हुए पौधारोपण करवायेंगे ताकि वृहद स्तर पर पौधारोपण हो सके। उन्होंने बताया कि खाली स्थानों को चिन्हित कर कलस्टर बनाकर भी पौधारोपण किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट कहा है कि पौधारोपण के साथ ही मानसून सीजन के दौरान लगाये जाने वाले पौधों व वृक्षों के रखरखाव और सारसंभार की जिम्मेदारी भी दी जाएं ताकि माइंस विभाग का वृक्षारोपण अभियान अपने उद्देश्यों में पूरा हो सके। उन्होंने बताया कि छायादार-फलदार वृक्षों में नीम, बड़, पीपल, आम, शहतूत, शीशम, गुलमोहर, अशोक, जामुन आदि वृक्षों को लगाया जाएगा। पौधारोपण-वृक्षारोपण के दौरान राजस्थान की भौगोलिक स्थितियों के अनुसार कम पानी और जल्दी बढ़ने वाले वृक्षों और पौधों को लगाने में प्राथमिकता दी जाएगी। अभियान के दौरान लगाये जाने वाले पौधों-वृक्षों के देखभाल की जिम्मेदारी तय की जाएगी।